भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या** 3412

उत्तर देने की तारीख 21 मार्च, 2023

30 फाल्गुन, 1944 (शक)

# खेल और शिक्षा के लिए केन्द्रीय योजनाएं

**3412. श्री चिराग कुमार पासवानः**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या केन्द्र सरकार बिहार में खेल और शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिभाशाली और मेहनती युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए कोई केन्द्रीय योजना लागू कर रही है ताकि इन खेलों में भाग लेने वालों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार किया जा सके;

(ख) क्या केन्द्र सरकार द्वारा युवाओं को करियर चुनने और उनके स्वास्थ्य को बनाए रखने में आने वाली समस्याओं का समाधान करने के लिए कोई प्रावधान किए गए हैं अथवा परियोजना तैयार की गई है;

(ग) क्या केन्द्र सरकार ने बिहार के सभी युवाओं को कम्प्यूटर का बुनियादी ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए कोई व्यापक योजना तैयार की है;

(घ) यदि हां, तो क्या राज्य सरकार द्वारा इस संबंध में कोई प्रस्ताव भेजा गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**

**(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)**

(क) से (ङ): 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, देश में खेलों को बढ़ावा देने और उनके विकास की जिम्मेदारी मुख्य रूप से संबंधित राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की होती है, ताकि खेल और शिक्षा के क्षेत्र में युवाओं का सर्वांगीण विकास किया जा सके और उन्हें राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों के लिए तैयार किया जा सके। तथापि, केंद्र सरकार इस संबंध में अपनी निम्नलिखित स्कीमों के माध्यम से उनके प्रयासों की पूर्ति करती है:

(i) खेलो इंडिया स्कीम;

(ii) राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता स्कीम ;

(iii) अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के विजेताओं और उनके कोचों को विशेष पुरस्कार;
(iv) राष्ट्रीय खेल पुरस्कार;
(v) मेधावी खिलाड़ियों को पेंशन;
(vi) खिलाड़ियों के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय कल्याण कोष;
(vii) राष्ट्रीय खेल विकास निधि; और
(viii) भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से खेल प्रशिक्षण केंद्रों का संचालन।

ये सभी स्कीमें बिहार राज्य सहित पूरे देश की जरूरतों को पूरा करती हैं। इन स्कीमों का विवरण इस मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण की वेबसाइटों (www.yas.nic.in/sports; www.sportsauthorityofindia.nic.in:) पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध है।

इसके अतिरिक्त, इस मंत्रालय की खेलो इंडिया स्कीम के घटकों में से एक-"फिट इंडिया मूवमेंट", विशेष रूप से बिहार राज्य सहित देश में सभी श्रेणियों के नागरिकों के बीच शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए है। इस मूवमेंट का मुख्य उद्देश्य देश में सभी आयु-समूह के लोगों की दिनचर्या में शारीरिक फिटनेस की आदत को अभिन्न अंग बनाना है - युवा वर्ग मंत्रालय के इस कार्यक्रम के लिए सबसे बड़ा लक्षित समूह है।

यह भी उल्लेखनीय है कि "शिक्षा" संविधान की समवर्ती सूची के अंतर्गत आती है। चूकिं, अधिकांश स्कूल संबंधित राज्य परीक्षा बोर्डों के अंतर्गत आते हैं, इसलिए स्कूल पाठ्यक्रम अधिकांशतया राज्य सरकारों द्वारा निर्धारित किया जाता है। तथापि, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी)-2020 के अनुसार, खेल-एकीकरण एक क्रॉस-करिकुलर शैक्षणिक दृष्टिकोण है जिसके तहत सहयोग, स्व-पहल, स्व-निर्देशन, आत्म अनुशासन, टीम भावना, उत्तरदायित्व, नागरिकता आदि जैसे कौशल विकसित करने में मदद करने के लिए शैक्षणिक कार्यों में देशज खेलों सहित शारीरिक कार्यकलापों के उपयोग पर बल दिया गया है। एनईपी-2020 में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत परिकल्पित फिटनेस के सभी स्तरों पर संबंधित जीवन कौशल प्राप्त करने के लिए छात्रों को फिटनेस को जीवनचर्या के रूप में अपनाने में मदद करने के लिए कक्षाओं में खेल एकीकृत शिक्षा का प्रावधान किया गया है। शिक्षा के साथ खेलों के एकीकरण से शारीरिक और मनोवैज्ञानिक कल्याण को बढ़ावा देने के साथ-साथ संज्ञानात्मक क्षमताओं में वृद्धि करके सर्वांगीण विकास में मदद मिलती है।

*****